आँखें | by Sudhanshu Gautam

आँखें खोलूं तो तू नज़र आये
आँखें बंद करूँ तो तू नज़र आये
हर जगह सांवरे बस तू नज़र आये
आँखें खोलूं तो ----------------

हर ग्यारस को सांवरिया मुझे खाटू बुलाते रहना
छोटा सा हूँ दास तुम्हारा दिल से लगाते रहना
मेरे दिल का ये ही है अरमान सांवरे
आँखें खोलूं तो ----------------

खाटू की पावन गलियों में जीवन बीते मेरा
अंत समय जब आये मेरा वो स्थान हो तेरा
मेरे दिल की ये ही है एक आस सांवरे
आँखें खोलूं तो ----------------

बड़ा ही पावन बड़ा निराला खाटू धाम हमारा
जो भी यहाँ पर हार के आया उसको मिला सहारा
सोनू गौतम के हो तुम आधार सांवरे
सब भक्तों के हो तुम आधार सांवरे
आँखें खोलूं तो ----------------

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%86%e0%a4%81%e0%a4%96%e0%a5%87%e0%a4%82-by-sudhanshu-gautam/